# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

## प्रेस नोट संख्याः 343, दिनांक 28-10-2021

**UP-STF का फर्जी सिपाही बनकर वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को रौब दिखाने वाला गिरफ्तार।**

दिनांक 28—10—2021 को एस0टी0एफ0, उ0प्र0 को UP-STF का फर्जी सिपाही बनकर वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को धमकाने वाले को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः–**

1- दीपक पाण्डेय पुत्र श्री लक्ष्मी निवास पाण्डेय पता- ग्रा० सम्मनपुर छितौनिया पो० उमरांवा थाना-भीटी जनपद-अम्बेडकरनगर।

**बरामदगीः–**

1— 01 अदद मोबाइल फोन।
2— नकद रूपये 110/— मात्र

**गिरफ्तारी का स्थान एवं दिनांक –**

वन गांव मोड़ थाना—भीटी, जनपद—अम्बेडकरनगर दिनांकः 28—10—2021 समय—18.40 बजे।

एसटीएफ उ0प्र0 को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति एस0टी0एफ0, उ0प्र0 का सिपाही बनकर वन विभिन्न विभागों के अधिकारियों को फोन करके रौब दिखाकर उनसे अनुचित कार्य करने का दबाव बनाया जाता है, जिससे सरकारी काम में बाधा उत्पन्न होती है। जिस सम्बन्ध में श्री लाल प्रताप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, एस0टी0एफ0, मुख्यालय, लखनऊ के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन के दौरान दिनांक 28—10—2021 को विश्वस्त सूत्रों के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि दीपक पाण्डेय नाम का एक लड़का है, जो अपने को एस0टी0एफ0 का सिपाही बताकर कई अधिकारियों को फोन करके रौब दिखाकर उन्हे प्रभाव में लेने की कोशिश की जाती है तथा अनुचित कार्य करने का दबाव बनाया जाता है, जो हाल ही में अम्बेडकरनगर के वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को फोन पर रौब दिखाकर सरकारी काम में बाधा डाल रहा था वह बनगांव मोड़ थाना—भीटी, जनपद—अम्बेडकरनगर के पास आने वाला है। इस सूचना पर उपनिरीक्षक, श्री आदित्य सिंह के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी, विनोद कुमार सिंह,मुख्य आरक्षी सुनील सिंह, मुख्य आरक्षी प्रभाकर पाण्डेय, आरक्षी शेरबहादुर व मुख्य आरक्षी चालक राममिलन सिंह की टीम उक्त स्थान पर पहुॅचकर वांछित अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे उपरोक्त बरामदगी हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त को मु0अ0सं0 147/2021 धारा 170/506 भादवि थाना भीटी, जनपद अम्बेडकरनगर में दाखिल किया गया, अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।